दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 76 मुरादाबाद, 05 July 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

पीएम मोदी ने आतंकवाद का जिक्र कर चीन-पाकिस्तान पर साधा निशाना, कहा- इस पर दोहरे मापदंड नहीं होने चाहिए

पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद क्षेत्रीय कार्यों के लिए खतरा बना हुआ है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई जरूरी है। हमें किसी भी अभिव्यक्ति में इसके खिलाफ लड़ाई करनी होगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार यानी आज शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वर्चुअल शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे। इस दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सहित अन्य सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एससीओ के सम्मेलन को पीएम मोदी ने संबोधित किया उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक स्थिति एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर है। विवादों, तनावों और महामारी से घिरे विश्व में फर्टिलाइजर और ईंधन का मुहैया होना सभी देशों के लिए बड़ी चुनौती है। हमें यह फैसला करना होगा कि क्या हम अपने लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने और चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। क्या एससीओ ऐसा संगठन है जो आगे के बदलावों के हिसाब से बदल रहा है। एससीओ में भाषा संबंधी परेशानियों को हटाने के लिए हम अपने प्लेटफॉर्म को सबके साथ साझा करने में रुचि रखते हैं। आगे के सुधारों को लागू करने में एससीओ बड़ा प्लेटफॉर्म बन सकता है।

ईरान भी एससीओ की बैठक में हुआ शामिल

पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि ईरान आज एससीओ की बैठक में शामिल है। साथ ही हम बेलारूस को एससीओ में शामिल करने के लिए मेमोरेंडम में हस्ताक्षर का स्वागत करते हैं। यह आवश्यक है कि एससीओ का फुल फोकस मध्य एशिया के देशों के हितों और आकांक्षाओं पर केंद्रित रहे।

चुनौतियों से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई जरूरी

उन्होंने आगे कहा कि आतंकवाद क्षेत्रीय कार्यों के लिए खतरा बना हुआ है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई जरूरी है। हमें किसी भी अभिव्यक्ति में इसके खिलाफ लड़ाई करनी होगी। कुछ देश इसे क्रॉस बॉर्डर टेररिज्म के लिए इसे नीति के तौर पर इस्तेमाल करते हैं। आतंकवादियों को पनाह देते हैं। आतंकवाद के समर्थकों के लिए दोहरे मापदंड नहीं रखने चाहिए। आतंकवाद क्षेत्रीय एवं वैश्विक शांति के लिए प्रमुख खतरा बना हुआ है। इस चुनौती से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई आवश्यक है। आतंकवाद चाहे किसी भी रूप में हो, किसी भी अभिव्यक्ति में हो, हमें इसके विरुद्ध मिलकर लड़ाई करनी होगी।

SCO में सहयोग के लिए पांच नए स्तंभ

पीएम मोदी ने संबोधन में कहा कि भारत ने स्ष्टह्र में सहयोग के लिए पांच नए स्तंभ बनाए हैं। ये पांच स्तंभ स्टार्टअप और इनोवेशन, पारंपरिक औषधि, युवा सशक्तिकरण, डिजिटल समावेशन और साझा बौद्ध विरासत है।

भारत के बताए दो सिद्धांत

उन्होंने कहा कि स्ष्टह्र के अध्यक्ष के रूप में भारत ने हमारे बहुआयामी सहयोग को नई ऊचाईयों तक ले जाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। इन सभी प्रयासों को हमने दो सिद्धांतों पर आधारित किया है। पहला- वसुधैव कुटुंबकम% यानी पूरा विश्व एक परिवार है। ये सिद्धांत प्राचीन समय से हमारे सामाजिक आचरण का अभिन्न अंग रहा है और आधुनिक समय में ये हमारी प्रेरणा और ऊर्जा का स्त्रोत है। वहीं, दूसरा दूसरा- स्ष्टष्ठक्रश्व यानी सुरक्षा, आर्थिक विकास, कनेक्टिविटी, एकता, संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता के लिए सम्मान और पर्यावरण संरक्षण।

अफगानिस्तान की जमीन को पड़ोसी देशों में अस्थिरता फैलाने में न की जाए प्रयोग

उन्होंने आगे कहा कि भारत और अफगानिस्तान के लोगों के बीच सदियों पुराने मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। पिछले दो दशकों में हमने अफगानिस्तान के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए योगदान दिया है। 2021 के घटनाक्रम के बाद भी हम मानवीय सहायता भेजते रहे हैं। यह आवश्यक है कि अफगानिस्तान की भूमि पड़ोसी देशों में अस्थिरता फैलाने या उग्रवादी विचारधाराओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रयोग न की जाए।

भारत कर रहा एससीओ की मेजबानी

गौरतलब है कि भारत एससीओ के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। भारत ने इस साल मई में गोवा में दो दिवसीय सम्मेलन में एससीओ के विदेश मंत्रियों की मेजबानी की थी। एससीओ एक प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा गुट है और सबसे बड़े अंतर-क्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठनों में से एक के रूप में उभरा है।

कब हुई थी एससीओ की स्थापना?

एससीओ की स्थापना रूस, चीन, किर्गिज गणराज्य, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपतियों द्वारा 2001 में शंघाई में एक शिखर सम्मेलन में की गई थी। भारत और पाकिस्तान 2017 में स्थायी सदस्य बने। भारत को 2005 में एससीओ में एक पर्यवेक्षक बनाया गया था और आम तौर पर समूह की मंत्री स्तरीय बैठकों में भाग लिया था, जो मुख्य रूप से यूरेशियन क्षेत्र में सुरक्षा और आर्थिक सहयोग पर केंद्रित था।

पीलीभीत में दर्दनाक हादसा: एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत, बारिश के पानी में नहाते वक्त गड्ढे में डूबे

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जनपद में दर्दनाक घटना हुई है। अमरिया थाना क्षेत्र के गांव कैंचू में मंगलवार को तीन बच्चों की गड्ढे में डूबकर मौत हो गई। मृतक बच्चों के नाम मुस्तकीम, अयान और रानू हैं। तीनों एक ही परिवार से थे। आपस में चचेरे-तहेरे भाई थे। इस घटना से मृतक बच्चों के परिवार में चीख-पुकार मची हुई है। जगह-जगह खोदे गए गड्ढे बारिश के मौसम में जानलेवा साबित हो रहे हैं। पीलीभीत जनपद के अमरिया क्षेत्र में मंगलवार को पानी भरे गड्ढे में डूबकर तीन बच्चों की मौत हो गई। तीनों बच्चे एक ही परिवार से थे। जानकारी के मुताबिक कैंचू गांव के पास ईंट भट्ठे के पास मिट्टी खोदी गई थी, जिससे वहां पर गहरा गड्ढा हो गया था। सोमवार रात में हुई बारिश से गड्ढे में पानी भर गया। मंगलवार शाम को गांव निवासी भूरा का पुत्र मुस्तकीम (14), नाजिम का पुत्र अयान (8) और छोटन का पुत्र रानू (10) अपने भाई शानू के साथ नहाने के लिए थे।

ग्रामीणों ने बच्चों को निकाला

सभी बच्चे पानी भरे गड्ढे में नहाने के लिए उतर गए, लेकिन गड्ढा गहरा था। मुस्तकीम, आयन और रानू डूबने लगे। उन्हें डूबता देख शानू गड्ढे से निकल गया। मदद के लिए शोर मचाने लगा। आसपास के ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने गड्ढे में घुसकर तीनों बच्चों को बाहर निकाला। जानकारी मिलते ही रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए।

परिजन तीनों बच्चों को आनन-फानन अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया गया। तीन बच्चों की मौत से परिवार में चीख-पुकार मच गई। इसका खबर मिलते ही गांव में मातम पसर गया है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का बड़ा बयान; बोले- पार्टी को गठबंधन नहीं करना चाहिए

प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी का कहना है कि पार्टी बिजली कटौती बेराजगारी महंगाई व जनहित के ऐसे अन्य मुद्दों को लेकर लोगों के बीच जाएगी। कहा कि भाजपा की गलत नीतियों का विरोध न हो इसके लिए वह विपक्ष पर दबाव की राजनीति कर रही है। खाबरी ने कहा कि सरकार अपने वादे के अनुसार शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति करने में नाकाम हैं।लोकसभा चुनाव-2024 में अन्य दलों के साथ गठबंधन की संभावनाओं के साथ ही कांग्रेस ने अपनी तैयारियां आरंभ कर दी हैं। प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने मंगलवार को विधानसभा चुनाव-2022 में पार्टी के प्रत्याशियों के साथ मंथन किया।लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस की यह पहली बैठक थी, जिसमें पार्टी नेताओं ने अपनी रणनीति को लेकर चर्चा की और जिलों में चल रही गतिविधियों की जानकारी ली।कांग्रेस लोकतंत्र को बचाए रखने की लड़ाई लड़ रही है प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी का कहना है कि पार्टी बिजली कटौती, बेराजगारी, महंगाई व जनहित के ऐसे अन्य मुद्दों को लेकर लोगों के बीच जाएगी। कहा कि भाजपा की गलत नीतियों का विरोध न हो, इसके लिए वह विपक्ष पर दबाव की राजनीति कर रही है। कांग्रेस लोकतंत्र को बचाए रखने की लड़ाई लड़ रही है।कि सरकार अपने वादे के अनुसार शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति करने में नाकाम हैं।

CM Yogi Adityanath बोले, शिक्षा समाज की नींव, मुख्यमंत्री ने किया स्मार्ट स्कूल-स्मार्ट ब्लॉक का शुभारंभ

गोरखपुर-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश व समाज की मजबूती के लिए शिक्षा की नींव मजबूत होना जरूरी है। गत छह वर्षों में उत्तर प्रदेश ने बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है। 2017 के पहले बदहाली से जो स्कूल बंदी के कगार पर थे आज उनका कायाकल्प हो चुका है। दृढ़ संकल्प, संसाधन, तकनीकी, नवाचार के समन्वय से शिक्षा के क्षेत्र में चमत्कार का सपना साकार हुआ है। तकनीकी के बेहतर उपयोग वाला निपुण भारत मिशन शिक्षा की गुणवत्ता सुदृढ़ करने में शानदार परिणाम दे रहा है। CM Yogi Adityanath गोरखपुर में संपर्क फाउंडेशन की पहल पर संपर्क स्मार्टशाला-स्मार्ट ब्लॉक कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश व समाज की मजबूती के लिए शिक्षा की नींव मजबूत होना जरूरी है। उन्होंने पांच स्कूलों के शिक्षकों को खुद अपने हाथ से टीएलएम किट प्रदान किया। संपर्क फाउंडेशन की पत्रिका का भी विमोचन किया। संपर्क स्मार्टशाला-स्मार्ट ब्लॉक% कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग एवं संपर्क फाउंडेशन की पहल पर %संपर्क स्मार्टशाला-स्मार्ट ब्लॉक% कार्यक्रम का शुभारंभ कर रहे थे। इस कार्यक्रम के माध्यम से नगर क्षेत्र के 58 व चरगांवा ब्लॉक के 68 परिषदीय स्कूलों में एलईडी टीवी, गणित व अंग्रेजी किट से आच्छादित किया गया। मुख्यमंत्री ने पांच स्कूलों के शिक्षकों को खुद अपने हाथ से टीएलएम किट प्रदान किया। शिक्षा समाज की नींव-योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि शिक्षा समाज की नींव है और जब नींव दरक जाएगी तो समाज रूपी भवन कैसे बनेगा। 2017 के पूर्व बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में शौचालय, फ्लोरिंग, पेयजल तक की सुविधा नहीं थी। लगभग 1.56 लाख स्कूलों में 1.34 करोड़ बच्चे जाते थे। शिक्षकों की भारी कमी थी।पारदर्शी तरीके से की शिक्षकों की भर्ती-मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने दशा सुधारने का संकल्प लिया और बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों में पारदर्शी तरीके से 1.65 लाख शिक्षकों की भर्ती की। कोई भी स्कूल जर्जर न रहे, उनमें फर्नीचर, शौचालय, पेयजल, स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी और डिजिटल लाइब्रेरी हो, इसके लिए मिशन कायाकल्प शुरू किया। आज 1.36 लाख स्कूलों का कायाकल्प हो चुका है। स्कूल जाने वाले बच्चों की संख्या बढ़कर 1.91 करोड़ हो चुकी है।आज बच्चे यूनिफार्म पहनकर जाते हैं-सीएम योगी ने कहा कि पहले बेसिक स्कूलों के बच्चे नंगे पांव जाते थे, उनके पास यूनिफॉर्म नहीं था। आज सरकार उन्हें सभी सुविधाएं दे रही है। उन्हें दो यूनिफॉर्म, जाड़े में स्वेटर, जूते, बैग दिए जा रहे हैं। और अब तो इस सुविधा के लिए रकम उनके अभिभावकों के खातों में डीबीटी से भेजी जा रही है।कोरोना काल में सबसे अधिक असर स्कूली शिक्षा पर -मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षा के क्षेत्र में टेक्नोलॉजी की महत्ता पर चर्चा करते हुए कहा कि टेक्नोलॉजी के बेहतर उपयोग से शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कोरोना कालखंड में टेक्नोलॉजी के उपयोग का जिक्र करते हुए कहा कि कोरोना का सबसे अधिक प्रभाव स्कूली शिक्षा पर पड़ा था। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल इंडिया की जो प्रेरणा दी, उसके इस्तेमाल से बच्चों की शिक्षा में रुकावट नहीं आने दी गई। डिजिटल इंडिया के चमत्कारिक परिणाम हरेक स्तर पर देखने को मिल रहे हैं और भारत लीडरशिप देने की स्थिति में है। सीएम योगी से स्मार्ट स्कूल, स्मार्ट ब्लॉक कार्यक्रम को अभिनव प्रयोग बताते हुए इसके लिए पहल करने वाले संपर्क फॉउंडेशन की सराहना की। ल, संपर्क फाउंडेशन के संस्थापक व प्रबंध निदेशक विनीत नायर ,अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार, संपर्क फाउंडेशन के अध्यक्ष के. राजेश्वर राव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साधना सिंह, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक श्रीराम चौहान, फतेह बहादुर सिंह, राजेश त्रिपाठी, महेंद्रपाल सिंह, डॉ विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, प्रशासन व शिक्षा विभाग के अधिकारी, बड़ी संख्या में शिक्षक व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।स्टालों का अवलोकन कर किया

संपादकीय Editorial

'Chanakya' became the mind

Sharad Pawar, who is considered to be the 'Chanakya' of Maharashtra, was pacified. His nephew and 'politician Chandragupt' Ajit Pawar not only hijacked his party NCP, but also switched sides and joined the BJP-Shiv Sena government. Ajit Pawar is lucky that he has become the Deputy Chief Minister for the 5th time. History has repeated itself in this episode. Sharad Pawar rebelled against his 'political guru' Vasant Dada Patil and became the Chief Minister of Maharashtra, at the young age of 38, with the support of the Janata Party. In 1999, he rebelled against the Congress on the issue of foreign origin of the then Congress President Sonia Gandhi and formed the 'Nationalist Congress Party' (NCP). Today Ajit Pawar is claiming the same party and election symbol. Along with him, the support of 40-44 out of total 54 MLAs of the party is also being claimed. At present, 8 NCP MLAs have also taken oath as ministers along with Ajit, but like the faction headed by Shiv Sena Chief Minister Eknath Shinde, the constitutional reshuffle of rebel NCP MLAs has to be decided by Speaker Rahul Narvekar. Till then there will be instability and uncertainty in the politics and power of Maharashtra. However, Sharad Pawar has announced that he will not go to court. Those who have rebelled and committed dacoity, we will create a new public opinion and a new leadership by going around the whole of Maharashtra against them. Political substance is still left in Pawar. The most serious surprise of this episode has been that 'Chanakya' was killed. He has been considered a contender for the post of prime minister several times in national politics. He was also the Leader of the Opposition in the Lok Sabha and also became a Union Minister. Now at the age of 83, how active he will be able to remain active and how much public opinion he will be able to garner is a big question. Ajit's sudden hijacking of the NCP was not because Sharad Pawar had made daughter Supriya Sule and close MP Praful Patel the working president of the party.

In fact, Ajit was feeling marginalized in the party, so about three months ago he had met Union Home Minister Amit Shah in the capital Delhi and expressed his intention to work with the BJP. In the past, Chief Minister Eknath Shinde and Deputy Chief Minister Devendra Fadnavis had also met Amit Shah and finalized the script of Sharad Pawar's coup. Although on the morning of 23 November 2019, Ajit Pawar was sworn in as 'deputy' along with Chief Minister Fadnavis, but it was only a 78-hour alliance and Sharad Pawar was successful in his strategy, but this time in view of the 2024 Lok Sabha elections. has been decided. Assembly elections are to be held only after that. The change has happened in the form of NCP, hence the party led by Ajit has been considered as a constituent of the NDA. A meeting of party leaders and office bearers has been called on July 5. Sharad Pawar has also called a meeting on the same day. It will be significant that how many MLAs Sharad Pawar is able to bring back to the party or whether Ajit contests the Lok Sabha and then assembly elections along with the BJP, this will decide the future politics. By the way, this time the leaders who were very close to Pawar in NCP have decided to switch sides and join Modi-Shah's BJP. Since the action of Enforcement Directorate and other investigative agencies is going on against many big NCP leaders, such leaders want to hold the door of BJP only. BJP-NDA seems to have electoral advantage, but only elections will verify in whose favor the real public opinion is.'Chanakya' became the mind

Sharad Pawar, who is considered to be the 'Chanakya' of Maharashtra, was pacified. His nephew and 'politician Chandragupt' Ajit Pawar not only hijacked his party NCP,

Analysis: Developing countries are stronger than before, active non-alignment is now the need of the hour

The difference between this new 'non-alignment' and the non-alignment being adopted by nations in the past decades is that the new non-alignment is being talked about at a time when developing countries are emerging stronger than before. Now take the BRICS countries (Brazil, Russia, India, China and South Africa), whose gross domestic product (GDP) in terms of purchasing power has surpassed that of the G-7 group of economically advanced nations. What about Brazil after all? Prima facie maybe not much. Yet Brazilian President Luiz Inácio Lula da Silva, who is serving his third (non-consecutive) term, has tried hard to bring peace to Eastern Europe in the first six months. This includes talks with US President Joe Biden and Chinese President Xi Jinping and a telephone conversation with Ukrainian President Volodymyr Zelensky. Also worth noting is the 'shuttle diplomacy' of Lula's chief foreign policy advisor and former foreign minister, Celso Amorim, in which he met Russian President Vladimir Putin. and welcomed his Foreign Minister Sergei Lavrov in Brasilia. There is a reason why Brazil is talking to the different parties involved in the conflict. In fact, he has decided not to take any side in the war. In doing so it appears to be following the principle of what my colleagues and I have called 'active non-alignment'. By 'active non-alignment' we mean such a foreign policy, in which the countries of the developing world - Africa, Asia and Latin America - refuse to take any side in the conflict between the big powers and focus only on their own interests. Are. The difference between this new 'non-alignment' and the non-alignment being adopted by nations in the past decades is that the new non-alignment is being talked about at a time when developing countries are emerging stronger than before. Now take the BRICS countries (Brazil, Russia, India, China and South Africa), whose Gross Domestic Product (GDP) in terms of purchasing power has surpassed that of the G-7 group of economically advanced nations. This growing economic power empowers active non-aligned countries internationally, making it easier for them to create new initiatives and diplomatic alliances that were previously unimaginable. Active non-alignment has been fueled by growing competition, which I see as an emerging Second Cold War between the US and China. For many countries in the developing world, maintaining good relations with both Washington and Beijing has been important to their economic development, trade and investment. It is not in their interest to take sides in this growing conflict. Such non-alignment requires a highly sophisticated diplomacy, which examines each issue on its merits and takes decisions efficiently. As far as the Ukraine war is concerned, active non-alignment means not supporting either Russia or NATO. Brazil is not the only country in the developing world to adopt such a policy. Many major countries in Africa, Asia and Latin America have refused to take the side of NATO. The most prominent among these has been India. Despite having better relations with the US and joining the Quad, India has refused to condemn the Russian attack on Ukraine and has also significantly increased oil imports from Russia. In fact India's situation shows that the world is actually divided between developed and developing countries. Apart from India, some of the largest democracies of the world have refused to take the side of NATO. Almost no country in Africa, Asia and Latin America has supported diplomatic and economic sanctions against Russia. However, many of these countries have voted in the United Nations General Assembly to condemn the Russian attack on Ukraine. More than 140 member states have done this repeatedly, because no country wants to turn a European war into a global war. Washington is surprised by this response. He has portrayed the Ukraine war as a choice between good and evil, where the future of the 'rules-based international order' is at stake. Russia saw the new Non-Aligned Movement as an opportunity to strengthen its position. While China has intensified the campaign to increase the international role of Yuan. I believe that active non-alignment depends as much on regional multilateralism and cooperation as it does on these high-level meetings. The recent South American Diplomatic Summit hosted by Lula in Brasilia reflected Brazil's awareness of the need to work together with neighbors to implement international initiatives. The need to work together is also motivated by the region's economic crisis. In the year 2020, Latin America was hit by the worst economic recession in 120 years. The region faced the highest number of deaths due to COVID-19 in the world. In such a situation, active non-alignment has emerged under the idea of not getting caught in the fight of big powers. In addition to the early US-China Cold War and the Ukraine War, its new

Economic health of four poll-bound states: Populist schemes dominate, how much impact do they have on economic development?

Fiscal deficit is such an essence of the economic situation, from the analysis of which many aspects emerge. Now even though the fiscal deficit of Rajasthan and Madhya Pradesh is almost same, but comparatively Madhya Pradesh is in better condition than Rajasthan. Similarly, even though Telangana has the lowest fiscal deficit among the four states, it cannot be said that it is in the best economic condition. These days, the election season is near in some states of India and in all those states, there is a lot of influence on public attractive and social welfare schemes. Is this an electoral politics of the present state governments? Have these not given a push to the economic development of the states? Many such questions are in discussions these days. Under the democratic system, where the main responsibility of the government is to take the society towards economic prosperity, there is also the economic welfare of the deprived from the mainstream. It is a quandary in which drawing the right line is a very difficult task, because both economic prosperity and social welfare are opposite directions of each other. Everyone will achieve 100% is an imaginary thinking, attitude can be taken under with this thought that sections should always get policies. By the end of this held in four big states of the Madhya Pradesh, Telangana. As important as terms of geographical and important is their economic development of according to various development, all these states same scale. For example, if deficit of the states, Pradesh look far ahead of set for the current financial

economic prosperity – this therefore responsible democratic system only backward and poor priority in economic year, elections are to be country, Rajasthan, Chhattisgarh and these four states are in strategic structure, equally contribution to the the country. Still, parameters of economic cannot be weighed in the we talk about the fiscal Rajasthan and Madhya the limit of three percent year, as the fiscal deficit in both is estimated at four percent. On the other hand, it is estimated at 3 percent in Chhattisgarh and 2.7 percent in Telangana, which is a symbol of excellent economic condition. It is worth noting that fiscal deficit is such an essence of the economic condition, from the analysis of which many aspects emerge. Now even though the fiscal deficit of Rajasthan and Madhya Pradesh is almost same, but comparatively Madhya Pradesh is in better condition than Rajasthan. Similarly, even though the fiscal deficit of Telangana is comparatively the lowest among the four states, it cannot be said that it is in the best economic condition. Under the ideal condition of economic development of any state, three things can be taken mainly. Can One, the ratio of capital expenditure to the total expenditure of the state. Second, the actual implementation of budgeted capital expenditure and third, the ratio of committed expenditure to revenue expenditure. On the basis of these aspects, the fiscal deficit of Rajasthan and Madhya Pradesh is similar, but the difference is that in Madhya Pradesh, the main reason is the interest paid on the financial loan taken for the purpose of increasing the capital expenditure. On the other hand, the percentage of committed expenditure in Rajasthan is comparatively very high in revenue expenditure. According to the data, the expenditure on capital expenditure is only eight per cent in Rajasthan, due to which it is at the lowest position among the four states. Significantly, if a state government aims to increase capital expenditure, then definitely economic prosperity is reflected in economic policies, because new jobs are created through these expenditures, inflation is controlled and basic facilities are developed. Which attracts new industries and private investment in a better way. Through these expenses, the state also helps in generating various new sources of income, through which productivity and efficiency increase in the future. Focus in economic policies towards capital expenditure leads any state towards economic prosperity. can be taken Therefore, it is essential to increase the proportion of capital expenditure continuously and around 90 per cent of the budgeted expenditure is actually implemented. On the other hand, the high contribution of salaries and pensions to revenue expenditure will definitely increase the revenue deficit, so it is very important to keep it below 50 per cent. Otherwise, the state will never be able to prosper and will not be able to work towards its vision of social welfare, which will eventually result in a poor and backward state.

कृपया धीरे चलें, कांवड़ यात्रा चल रही है..., पुलिस ने हाईवे पर जगह-जगह लगाए बोर्ड

मुरादाबाद- कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस ने हाईवे पर बृजघाट से लेकर मुरादाबाद तक सुरक्षा प्लान तैयार किया है। जगह-जगह पुलिस ने खंभों पर बोर्ड लगा कर वाहन चालकों को सचेत किया है कि कृप्या धीरे चलें कांवड़ यात्रा चल रही है। इतना ही नहीं अवैध कट बंद करने के बाद भी हाईवे के बीच में जहां पर पौधे लगे होते हैं,

वहां पर भी रस्सी बांधी गई है। जिससे कोई व्यक्ति कांवड़ियों की ओर न जा सके। हाईवे पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। जिनसे लोगों पर नजर रखी जाएगी।

आस्था के नाम पर हुड़दंग करने वालों पर भी खास नजर रखी जाएगी। सावन का पहला सोमवार 10 जुलाई को है। हालांकि शुक्रवार से हाईवे पर रुट डायर्वजन कर दिया जाएगा।

जोकि सोमवार की शाम तक लागू रहेगा। यूं तो हर साल ही सावन महीना और महीनों से श्रेष्ठ माना जाता है, लेकिन इस बार महायोग होने से सावन माह की महत्ता और बढ़ गई है। 4 जुलाई से सावन माह आरंभ हो गया। इस बार सावन माह पूरे 59 दिन का है और 31 अगस्त को समाप्त होगा। हर साल की अपेक्षा इस साल पूरे दो माह कांवड़ यात्रा चलेगी, इसलिए सुरक्षा पर पूरा फोकस किया गया है। एक तरह से कहें,तो प्रशासन के लिए कांवड़ यात्रा किसी परीक्षा से कम नहीं होती। हाईवे की एक साइड को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। हल्के वाहनों को दूसरी तरफ चलाया जाएगा। हाईवे पर पुलिस ने कृपया धीरे चलें, कांवड़ यात्रा चल रही है,आप सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में है। इस स्लोगन के बोर्ड लगाए हैं,हाईवे पर पाकबड़ा थाना क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। इतना ही नहीं, बल्कि हाईवे पर पौधों वाली जगह पर भी बल्ली लगाकर रस्सी बांधी गई हैं। अवैध कटों को बंद किया गया है। शहर में भी कई स्थानों पर हाईवे पर बैरीकेटिंग की गई है। बृजघाट और हरिद्धार से बड़ी संख्या में भोले के भक्त कांवड़ लेकर आते है। जो पवित्र जल प्रत्येक सोमवार को शिवलिंग पर चढ़ाया जाता है। सावन माह में लोग उपवास भी रखते हैं। हाईवे पर पुलिस भी तैनात रहेगी।

हाथों में मेहंदी सजाए दुल्हन करती रही साजन का इंतजार, बारात लेकर नहीं पहुंचा दूल्हा

मुरादाबाद- थाना कुन्दरकी इलाके के जलालपुर गांव में एक गरीब मरहूम किसान की बेटी का शादी का पंडाल सजा था और लाल जोड़े में दुल्हन हाथों में मेहंदी सजाए साजन का इंतजार कर रही थी। लेकिन, उसके अरमान उस वक्त चकनाचूर हो गए, जब दिनभर के इंतजार के बाद दूल्हा बरात लेकर नहीं पहुंचा। बाद में पता चला कि बारात नहीं आएगी। यह जानकारी लगते ही शादी की खुशियां गम में बदल गईं। युवती की बारात न आने की चर्चा पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। दुल्हन को इसका ऐसा सदमा लगा कि उसने आत्महत्या की कोशिश की। इसके बाद लड़की पक्ष ने पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद पुलिस लड़की पक्ष को थाने ले गई। जानकारी के मुताबिक, जलालपुर के रहने वाले मरहूम गरीब किसान अनवार हुसैन की बेटी का विवाह कुंदरकी के बांकीपुर निवासी वाहिद हुसैन के बेटे उवैश से तय हुआ था। रविवार को बारात आनी थी। दुल्हन के भाई ने बताया कि उसकी बहन का प्रेम प्रसंग चल रहा है, जिसके तहत शादी तय हुई थी। घर मे शादी की तैयारियां चल रही थीं। हम सब परिवार वाले शादी में आए मेहमानों को खाना खिला रहे थे लेकिन काफी समय बीतने के बाद बारात नहीं आई। बताया कि दूल्हा पक्ष के लोगों ने शादी में जो मांगा हमने उससे भी बढ़कर दिया। दहेज के समान के साथ साथ दहेज में डेढ़ लाख कैश भी दे रहे थे। लेकिन रविवार दिनभर बरात का इंतजार किया जाता रहा। खाने-पीने की व्यवस्था पूरी थी। काफी समय बीत गया, लेकिन बरात नहीं आई। जब कारण जानने की कोशिश की तो लड़के और उसके परिवार के सभी के फोन बंद आ रहे थे। जब दुल्हन को बारात न आने की सूचना मिली तो दुल्हन हैरान रह गई और सपने अधूरे रह गए। बरात न आने से दुल्हन हाथ में मेहंदी लगाए ही बैठी रही। वहीं दुल्हन ने खुद 112 पर कॉल कर पुलिस बुला ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुल्हन के घर पहुंचकर जानकारी जुटाई और दुल्हन के परिवार को अपने साथ थाने ले आई।

ई-चालान तक ही नहीं रहेंगे सीमित, करेंगे कड़ी कार्रवाई

मुरादाबाद- बढ़ते सड़क हादसों में कमी लाने को मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह बड़ी योजना तैयार कर रहे हैं। वह अपनी रणनीति को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने की तैयारी में लगे हैं। सड़क पर व्याप्त समस्याओं को समाप्त करने में वह बजट मिलने का अधिक इंतजार न कर विभिन्न विभागों में उपलब्ध संसाधनों के सहयोग से ही दुर्घटनाओं को रोकने वाले कार्यों को पूरा कराने की तैयारी कर रहे हैं। बातचीत में मंडलायुक्त ने स्पष्ट कर दिया है कि अब केवल ई-चालान तक ही सीमित नहीं रहेंगे बल्कि, दूसरों की जिंदगी को खतरा बनने वालों पर वह एफआईआर दर्ज कराने जैसी कार्रवाई कराएंगे। मंडलायुक्त का कहना है कि सड़क सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, सड़क सुरक्षा वाले कार्यों में जो समयबद्धता होनी चाहिए, वह पूरी तरह से नहीं है। बताया, अभी वह ट्रांजेक्शन फेज में है। अतिरिक्त बजट की उम्मीद न कर स्थानीय संसाधन से काम कर रहे हैं। दुर्घटनाओं और जाम से छुटकारा दिलाने को उन्होंने पहली प्राथमिकता बताई है। उन्होंने कहा, वाहनों की ओवर स्पीड को कंट्रोल करेंगे। नगर निगम के महापौर से दो डिवाइस स्पीड नियंत्रण व एक वैन के लिए अनुरोध किया है। कहा कि स्टेट हाईवे पर डिवाइडर न होना भी सड़क हादसों को रोकना चुनौतीपूर्ण है।

हाईवे पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे, वालंटियर भी करेंगे निगरानी

मंडलायुक्त ने बताया, उनका मुख्य फोकस नेशनल हाईवे पर भी है। हाईवे से निकलने वाले संपर्क मार्गों पर भी खतरा रहता है। हाईवे पर अवैध कट बड़ा विषय है। कई बार हमने (कमिश्नर) कट बंद भी कराए हैं। उन्होंने कहा, अब हर जगह प्रशासन कैमरा नहीं लगा सकता। लेकिन, जहां बाजार हैं, वहां नगर निगम व नगर पालिका व्यापार मंडल से बात कर कैमरे लगाएंगे। हाईवे पर जिन अवैध कट वाले स्थान पर बाजार नहीं है, वहां प्रशासन अपने संसाधन से कैमरे लगवाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम में कोई भी पार्षद गली या वार्ड में कैमरा लगवाने के लिए प्रस्ताव देता है और उस पर नगर निगम सहमति व्यक्त करता है तो इस तरह का कोई भी प्रस्ताव वह नहीं मानेंगे। अवैध कट रोकने के लिए मंडलायुक्त वालंटियर तैयार करने की बात कह रहे हैं।

जुगाड़ वाले वाहन चालकों पर मंडलायुक्त की नजर

मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने अवैध ई-रिक्शा को शहर से बाहर कर देने की बात बताई है। कहा, शहर में अब अवैध ई-रिक्शा बहुत कम रह गए हैं। बताया कि ई-रिक्शा के रूट निर्धारण को उनकी डीआइजी व एसएसपी से बात हुई है। ' 'जुगाड़'' वाले वाहनों पर नकेल कसी जाएगी। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं का दूसरा कारण मार्गों से अतिक्रमण व वाहन की ओवर स्पीड, सड़क पर स्टंटबाजी भी बताई। कहा, मार्ग से अतिक्रमण हटा रहे हैं। कहा, कई बार उन्होंने खुद ओवरस्पीड व स्टंटबाजी वाले वाहन चालकों का ई-चालान कराया है।

कांवड़ मेला में लक्सर तक विशेष ट्रेन चलाएगा रेलवे, 5 से 20 जुलाई तक किया जाएगा ट्रेन का संचालन

मुरादाबाद- कांवड़ मेला के मद्देनजर रेल प्रबंधन ने विशेष रेलगाड़ी का ऐलान किया है। 5 से 20 जुलाई के बीच चलने वाली यह ट्रेन लक्सर से मुरादाबाद के बीच सेवा देगी। लक्सर से चलकर बालावाली, मौअज्जमपुर नारायण, नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, स्योहारा, कांठ होते हुए यह विशेष गाड़ी मुरादाबाद पहुंचेगी। इसी क्रम में वापसी करेगी। ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच= भीड़ के मद्देनजर रेलवे प्रबंधन ने हरिद्वार से चंदौसी के बीच चलने वाली 04360/59 नंबर की ट्रेन में तीन अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है। देहरादून से सहारनपुर के बीच चलने वाली 04374/73 रेलगाड़ी में भी दो अतिरिक्त सामान्य श्रेणी के कोच लगाए जाएंगे। बरेली से अलीगढ़ के बीच चलने वाली 04376/75 नंबर की गाड़ी में ही दो अतिरिक्त सामान्य श्रेणी के कोच लगाए जाएंगे। गाड़ी संख्या 04334/33 नजीबाबाद-गजरौला के बीच चलने वाली ट्रेन में एक अतिरिक्त कोच लगेगा। गजरौला-अलीगढ़ सवारी गाड़ी में भी एकत्रित कोच रहेगा। जबकि, नजीबाबाद से मुरादाबाद के बीच चलने वाली 04394/93 नंबर की गाड़ी में भी एक अतिरिक्त कोच लगेगा। यह सेवा पांच से 20 जुलाई के बीच प्रभावी रहेगी। यह जानकारी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह ने दी है।

तीन चीनी मिलों पर किसानों का 115 करोड़ बकाया, चार माह बाद शुरू होना है नया पेराई सत्र

मुरादाबाद- जनपद की तीन चीनी मिलें किसानों का 115 करोड़ रुपया दबाकर बैठी हैं। बकाया गन्ना मूल्य भुगतान में ये चीनी मिले आनाकानी कर रही हैं। इससे किसान परेशान हैं। जबकि चार माह बाद नवीन पेराई सत्र शुरू हो जाएगा।

हालांकि मंडल की 11 चीनी मिले भी ऐसी हैं जिन्होंने किसानों का शत प्रतिशत भुगतान कर दिया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश का किसान बड़े पैमाने पर गन्ने की खेती करता है, क्योंकि इससे किसानों को एकमुश्त पैसा मिल जाता है और किसान अपने जरूरी काम भी पूरे कर लेता है। वैसे भी गन्ने की फसल में नुकसान की संभावना भी कम रहती है। इस साल के लिए केंद्र सरकार ने गन्ना मूल्य में दस रुपये की बढ़ोतरी की है, लेकिन किसानों को सबसे ज्यादा दिक्कत तब होती है, जब किसानों को समय से भुगतान नहीं मिल पाता है। अपना ही पैसा पाने को वह अधिकारियों के चक्कर काटते हैं। मंडल में 22 चीनी मिले हैं, जिनमें से 11 चीनी मिलों ने तो शतप्रतिशत गन्ना भुगतान कर दिया।

आठ चीनी मिलों पर एक या दो प्रतिशत की देनदारी है। लेकिन, जनपद की तीन चीनी मिलों अगवानपुर, बेलबाड़ा ओर बिलारी पर 115 करोड़ रुपया अभी भी बकाया है।इन चीनी मिलों ने किया 100 प्रतिशत भुगतान हसनपुर, बिलासपुर, नजीबाबाद, बूंदी बहादरपुर बिजनौर, धामपुर, स्योहारा, चंदनपुर, रानीनांगल, असमौली और मिलक नारायनपुर चीनी मिलों ने किसानों का सौ प्रतिशत गन्ना मूल्य का भुगतान कर दिया है। जब चीनी मिलों को बंद हुए कई माह हो गए तो भुगतान भी सभी मिलों से हो जाना चाहिए। इस समय किसानों को पैसों की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। जिन चीनी मिलों ने अभी तक भुगतान नहीं किया है, प्रशासन उन पर दबाव बनाकर भुगतान कराए। संगठन समय-समय पर किसान हित में धरना-प्रदर्शन करता रहता है। -चौ. दिवाकर सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाकियू (शंकर) मंडल की 11 चीनी मिलें सौ प्रतिशत गन्ने का भुगतान कर चुकी हैं, अब तक 92 प्रतिशत भुगतान हो चुका है। सिर्फ आठ प्रतिशत बकाया ही चीनी मिलों पर बकाया है। इसका जल्द भुगतान कराया जाएगा। किसान हित सबसे पहले है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।- हरपाल सिंह, उप गन्ना आयुक्त,

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

सुपर जोइनिंग वीक

उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live

आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से

रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की

12 पेज का फुल अखबार

एक बार कॉल अवश्य करे

9027776991

प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

महिला परामर्श पुलिस टीम ने पति पत्नी के शिकवे दूर कर 3 परिवारों को टूटने से बचाया

शशिकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच
शाहजहांपुर के नवागत पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार मीणा के समक्ष तीन परिवार अपनी समस्याएं लेकर उपस्थित हुए! पुलिस अधीक्षक द्वारा उनकी शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना गया और तत्काल प्रभाव से प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केंद्र पुलिस लाइन को तीनों पक्षों के मध्य उत्पन्न आपसी मतभेदों को दूर कर दूर करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए इसी क्रम में श्रीमती वंदना सिंह मुख्य आरक्षी श्वेता सिंह महिला आरक्षी लक्ष्मी चौहान,कॉन्स्टेबल सौरभ द्वारा दोनों पक्षों के मतभेदों को ध्यान से सुना तथा तीनों की मध्यस्था करते हुए गहनता पूर्वक समझाया गया,जिससे तीनों परिवारों के पति पत्नी गिले-शिकवे भूलकर आपसी सहमति से साथ रहने को तैयार हो गए इस अवसर पर दंपत्ति ने एक दूसरे को पुष्पमाला पहनाई। प्रभारी निरीक्षक द्वारा दोनों पक्षों खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं दी। इस तरह शाहजहाँपुर पुलिस के अथक प्रयास से क्रमशः पूर्व जुडे रिश्तों को जो टूटने की कगार पर थे टूटने से बचाया जिस पर तीनों परिवार के सदस्यों द्वारा शाहजहाँपुर पुलिस का शुक्रिया अदा किया गया।1-पुष्पा देवी पत्नी अभिषेक भास्कर मोहल्ला आवास विकास कॉलोनी थाना सदर बाजार शाहजहांपुर के साथ हुआ था

परंतु लगातार आपसी मतभेद होने के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था। 2-खुशबू पुत्री धर्मपाल दाउदपुर रुद्रपुर सेहरामऊ दक्षिणी व बनाम धीरेंद्र सिंह पुत्र दिनेश सिंह ग्राम शमशेरपुर थाना कांट 3-कोमल पुत्री रामसेवक निवासी खलील कटरा थाना तिलहर बनाम विपिन पुत्र रामचंद्र निवासी मौलागंज शाहबाद थाना शाहाबाद जनपद हरदोई

घर भोज कार्यक्रम में डीजे पर नाचने को लेकर हुए विवाद में चाकू लगने से एक की मौत

राम कुमार यादव
क्यूँ न लिखूँ सच
बस्ती। जिले के गौर थाना क्षेत्र के सरदहा हरिनरायणपुर गांव में बीती रात डीजे पर नाचने झूमने को लेकर मामूली विवाद के चलते एक की मौत का मामला सामने आया है।मिली जानकारी के अनुसार गौर थाना क्षेत्र के सरदहा हरिनरायणपुर में बीती रात एक व्यक्ति के यहां घर भोज का कार्यक्रम था। जिसमें डीजे साउंड सिस्टम लगाया गया था। महिलाएं और पुरुष सभी उस पर डांस कर रहे थे डांस देखने के दौरान कुछ लोगों की युवक चंद्रभान से मारपीट हो गई।वाद के दौरान चंद्रभान के सीने पर चाकू लगने से घटनास्थल पर ही चंद्रभान की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची गौर पुलिस की टीम ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही में जुट गई। सूचना पर पहुंचे सीईओ शेषमणि उपाध्याय एवं थाना प्रभारी राजकुमार पाण्डेय ने गांव के लोगों से घटना के बारे में जानकारी हासिल की। गांव में इस घटना से सनसनी फ़ैल गई।मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और सीओ व थाना प्रभारी द्वारा मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

कांवड़ मार्ग पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान सड़क के फुटपाथ से ठेल, धकेल और अस्थाई अतिक्रमण हटवाया

योगेश मुदगल
क्यूँ न लिखूँ सच
श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। मंगलवार को मारहरा के प्रमुख कांवड़ मार्ग नदरई रोड पर पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। एसओ सत्यपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिसब कस्बा के पुराना अस्पताल चौराहे से नदरई रोड पर पहुंचा। यहां सड़क के फुटपाथ पर मनमाने तरीके से खड़े किए गये ठेले और धकेलों को हटवाया गया।

साथ ही ऑटो मोबाईल की दुकानों के आगे अवैध रूप से शौकर इत्यादि के काउंटरों को भी हटाया गया। पुलिस द्वारा अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई कि कांवड़ यात्रा के दौरान यदि किसी ने भी अतिक्रमण या यातायात बाधित किया तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान कांवड़ मार्ग के अंडा, मांस विक्रेताओं को भी बिक्री न करने की हिदायत दी। इस मौके पर थानाध्यक्ष के अलावा एसआई अनिल यादव, अशोक यादव, अंकित तोमर, कृष्ण कुमार, वीनेश कुमार, विजेंद्र सिंह, निर्देश कुमार, वीर बहादुर, प्रदीप, उमेश, हरिओम आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

बिहारपुर में किया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच
सूरजपुर- बिहारपुर - सूरजपुर जिले के चांदनी बिहार पुर में आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिहारपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को तहसीलदार महोदय द्वारा शपथ दिलाया गया तत्पश्चात उपस्थित लोगों से वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कराया गया व जिनकी उम्र 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष पूर्ण हो रहा है उनका नाम जोड़ने हेतु फार्म 6 भी भरवाया गया जिनकी संख्या 8 है तथा यह समझाईस दिया गया कि अगर आपके आसपास अगल-बगल कोई भी व्यक्ति ऐसा हो जिनका नाम अभी तक वोटर लिस्ट में नहीं जुड़ा है
वह बी एल ओ से संपर्क कर अपना नाम जुड़वाएं व किसी भी प्रकार की त्रुटियां हो उन्हें भी सुधारने हेतु समझाइश दिया गया।मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में तहसीलदार बिहारपुर एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर धीरेंद्र जायसवाल विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर रामकेश्वर शाहवाल व संजय जायसवाल तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभी स्टाफ वह प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

आयोग की सदस्या ने बौद्धों को संकिसा स्तूप की सुरक्षा व सुंदरीकरण कराने का दिया आश्वासन

हारून बख्श
क्यूँ न लिखूँ सच
फर्रुखाबाद -संकीसा बौद्ध नगरी के निकट वाईबीएस सेंटर में आज राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार की सदस्या श्रीमती रिंचेन लामो ने बौद्ध अनुयायियों के साथ बौद्धों की समस्याओं एवं उनके समाधान के लिए महत्वपूर्ण बैठक की संकिसा धम्मालोंको बुद्ध विहार एवं सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष कर्मवीर साथ के नेतृत्व में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सदस्या श्रीमती रिचेंन लामो को भगवान बुद्ध के पवित्र स्तूप स्थल की सुरक्षा एवं सुंदरीकरण के लिए ज्ञापन दिया गया।ज्ञापन में श्रीमती रिंचेन लामो से संकिसा स्थित प्राचीन बौद्ध स्तूप स्थल की सुरक्षा व सुंदरीकरण कराने की मांग की गई श्रीमती लामों को अवगत कराया गया कि जनपद फर्रुखाबाद के संकिसा स्थित प्राचीन बौद्ध स्तूप स्थल राजस्व अभिलेख में केंद्रीय पुरातत्व विभाग के नाम दर्ज है पुरातत्व विभाग द्वारा स्तूप परिसर की देखरेख की जाती है ऊंची चारदीवारी न होने के कारण अक्सर लोग दीवार से कूदकर स्तूप परिसर में गंदगी फैलाते हैं मेनगेट पर छोटा घटिया फाटक लगे होने के कारण वहां से भी अराजक तत्व अंदर जाकर स्तूप व

खुदाई में निकले प्राचीन शिलालेख को क्षतिग्रस्त कर चुके हैं स्तूप स्थल को सुरक्षित व उपयोगी बनाया जाये स्तूप स्थल की बाउंड्री काफी ऊंची करा कर बड़ा एवं मजबूत फाटक लगवाया जाए स्तूप स्थल की सुरक्षा के लिए निकट ही पुलिस चौकी पुलिस चौकी खुलवायी जाए विदेशी पर्यटकों व भिक्षुओं की सुविधा के लिए सबमर्सिबल व पानी की टंकी लगवाकर शौचालय एवं बाथरूम का निर्माण कराया जाए रोशनी के लिए विद्युतीकरण अथवा सौर ऊर्जा की प्लेटें लगवाई जाए स्तूप स्थल की सुरक्षा के लिए वहां प्रतिवर्ष अवैध रूप से लगने वाले मेले को बंद करवाया जाए श्रीमती रिचेंन लामों ने बातों को आश्वासन दिया कि वह दिल्ली जाकर केंद्र सरकार को पत्र लिखकर मांगों को पूरा करवाने का प्रयास करेंगे वाईबीएस सेंटर के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश बौद्ध ने श्रीमती रिचेंन लामों का स्वागत किया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्मवीर शाक्य ने की ज्ञापन पर डॉ धम्मपाल थैरो रघुवीर शाक्य राहुल एडवोकेट डॉ देवेश शाक्य शिवशरन शाक्य सरदार सिंह प्रधान हरवेंद सिंह शाक्य उर्फ लहोरे श्रीमती सरिता शाक्य अवनीश शाक्य गंगादीन बौद्ध प्रभु दयाल एडवोकेट सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक आरडी बौद्ध, कमल सिंह महेंद्र सिंह शाक्य ने हस्ताक्षर किए है सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष कर्मवीर शाक्य ने बताया कि बीते दिन बुद्ध विहार में ट्रस्ट की बैठक कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए भिक्षुओं के वर्षावास को स्वच्छता पूर्वक व सुविधाजनक संपन्न कराने के लिए वरिष्ठ भिक्षु धम्म कीर्ति को बुद्ध विहार के भिक्षु संघ का प्रभारी बनाया गया भिक्षु धम्म मित्र के चले जाने के कारण ट्रस्ट के उप प्रबंधक रघुवीर शाक्य को बुद्ध विहार कार्यालय का प्रभारी बनाया गया श्री शाक्य ने बताया कि अस्वस्थ रहने के कारण मैं स्तूप संबंधी मुकदमों का बेहतर ढंग से पैरवी नहीं कर पा रहा हूं इन मुकदमों की पैरवी करने की जिम्मेदारी आरडी बौद्ध अवनीश शाक्य शिवशरन शाक्य हरवेंद्र सिंह शाक्य रघुवीर शाक्य व डॉ देवेश शाक्य को सौंपी गई है दिवंगत मुंशीलाल शाक्य के स्थान पर हरवेंद्र सिंह शाक्य को मुकदमे में पक्षकार बनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर कर्मवीर शाक्य ने भिक्षुओं को भोजन खिलवाया बौद्ध एवं अंबेडकर अनुयायियों ने गुरु पूर्णिमा की बधाई देते हुए बताया कि बुद्ध ही गुरु हैं इसी बुद्ध ने गुरु पूर्णिमा के दिन सारनाथ में पहली बार सार्वजनिक ज्ञान दिया था बुद्ध ही गुरु हैं इनकी ही शिक्षाएँ दुनिया भर में विख्यात हुईं बुद्ध ही गुरु हैं अनेक देशों में इसी गुरु के कारण अनेक शिक्षा केंद्र खोले गए बुद्ध ही गुरु हैं इन्हीं का ज्ञान पाने के लिए अनेक विदेशी भारत आए उन्होंने बताया कि बुद्ध ही गुरु हैं अनेक भिक्खुओं ने इसी गुरु के ज्ञान का अनेक देशों में प्रचार किया बुद्ध ही गुरु हैं इसलिए अनेक देशों में पढ़ाई का सत्र गुरु पूर्णिमा के माह जुलाई से आरंभ होता है बुद्ध ही गुरु हैं अनेक राजाओं ने गुरु पूर्णिमा के दिन अनेक भिक्खु संघों को शिक्षा हेतु अनेक गाँव दान दिए थे

प्राथमिक विद्यालय चेना गौंटिया में चोरी

क्यूँ न लिखूँ सच
रिठौरा। रिठौरा। प्राथमिक विद्यालय चेना गौंटिया में ग्रीष्म-कालीन अवकाश के बाद खुले स्कूल पर पहुंचे स्टाफ ने देखा शौचालय एवं बच्चों के पानी पीने की टोंटी तथा बिजली के तार नहीं हैं। उन्हें अज्ञात चोर चुरा ले गए। प्रधानाचार्या नीतू गुप्ता ने 112 नम्बर पर कॉल कर पुलिस को घटना से अवगत कराया। वहीं मामले की लिखित शिक़ायत रिठौरा पुलिस चौकी पर भी की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नहीं रूक रहा तीन तलाक़ न्याय को भटक रही है पीड़िता

क्यूँ न लिखूँ सच
